तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 1 जून 2026

10 मन की बात केवल संवाद नहीं, राष्ट्र निर्माण का...



12 कांग्रेस सेवादल का झंडा वंदन कार्यक्रम





## खबर संक्षेप

### इंद्रजीत का जन्मदिन आज, जेंजरा में भूमिपूजन व रक्तदान शिविर

**कोपरा।** जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 03 इंद्रजीत महाडिक अपने जन्मदिवस के अवसर पर 1 जून को विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रातः सुप्रसिद्ध भगवान कुलेश्वर



महादेव मंदिर, राजिम में विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने उज्ज्वल भविष्य तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं विकास की कामना करेंगे। पूजा-अर्चना के पश्चात वे प्रात 11 बजे ग्राम जेंजरा पहुंचकर जिला पंचायत निधि से निर्मित होने वाले टीना शेड निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी दौरान ग्राम जेंजरा में आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में भी वे सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करेंगे। साथ ही ग्राम जेंजरा में रक्त दान के शिविर का भी आयोजन किया गया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** भोरिंग की एक महिला के साथ मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तुमगांव थाने में चार महिलाओं के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। भोरिंग की पूर्णिमा ने तुमगांव पुलिस को बताया कि 29 मई की रात करीबन 07.30 बजे वह अपने घर पर खाना बना रही थी, तभी पड़ोस की धरमशीला, इंदल, बबली, कविता उसके घर के गेट के सामने आकर उसे और उसकी बेटियों को गालियां देने लगी। जब वह घर से बाहर आई तब चारों ने मिलकर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### नवोदय विद्यालय प्रभारी प्राचार्य के क्वार्टर में चोरी

**महासमुंद।** जवाहर नवोदय विद्यालय छिंदपाली कैंपस में प्रभारी प्राचार्य के क्वाटर से नगदी व सोने-चांदी का सामान चोरी होने के मामले में सरायपाली थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जवाहर नवोदय विद्यालय छिंदपाली के प्रभारी प्राचार्य लोकनाथ कैवर्त ने बताया कि वे विद्यालय के स्टाफ क्वाटर में रहते हैं। 18 मई की दोपहर 03 बजे शासकीय कार्य से अपने परिवार के साथ रायपुर गए थे और 29 मई की सुबह जब वापस लौटे तो देखा कि घर के सामने लगा ताला गायब था। घर के अंदर का सामान अस्त व्यस्त था और आलमारी खुला हुआ था।

# तेज आंधी से कई मकानों के छप्पर उड़े, 12 घंटे बाद बहाल हुई बिजली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर


गरियाबंद जिले के देवभोग क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी-तूफान और भीषण अंधड़ के चलते अंचल के सैकड़ों गांवों में बिजली गुल हो गई, जो करीब 12 घंटे बाद अगले दिन रविवार को बहाल हो पाई। इस अंधड़ ने जहां लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत दी, वहीं ग्रामीण इलाकों में भारी तबाही मचाई है। आंधी के कारण कई कच्चे मकानों के छप्पर उड़ गए और कुछ घरों के ऊपर विशाल पेड़ गिर गए, जिससे

- झाखरपारा में मची अफरा-तफरी, पड़ोसियों के पक्के मकानों में ली शरण

**झाखरपारा में आधा दर्जन परिवारों के आशियाने उजड़े, ग्रामीण के सिर पर कवेलू गिरने से आई चोट**







ग्रामीणों को रातभर भीषण उमस और अंधेरे में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अंधड़ का सबसे ज्यादा असर ग्राम झाखरपारा में देखने को मिला। यहाँ अचानक आए चक्रवाती तूफान ने तबाही मचाते हुए ग्रामीण रघुराम, गाडाराम, रसिकराज, गणेश राम, देवीसिंह और ▸▸ शेष पेज 10 पर

**कार्रवाई : उपरवारा और माना थाने की सुपुर्दगी में सौंपे गए वाहन**

# रातभर चली कार्रवाई में रेत बोल्डर से लदे 8 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खनिज विभाग ने रातभर कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने अवैध रूप से रेत और बोल्डर का परिवहन कर रहे कुल 8 हाइवा वाहनों को जब्त किया है। इस कार्रवाई से अवैध खनिज कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार उप संचालक खनि प्रशासन राजेश मालवे एवं सहायक खनि अधिकारी उमेश भार्गव के मार्गदर्शन में विशेष जांच अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान नारी और धमतरी क्षेत्र से रेत लोड कर परिवहन कर रहे 6 हाइवा तथा तुमगांव क्षेत्र से बोल्डर लेकर आ रहे 2 हाइवा को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान संबंधित वाहन चालकों से खनिज परिवहन के दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वे वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। दस्तावेजों के अभाव में सभी वाहनों को अवैध परिवहन की श्रेणी में मानते हुए जब्त कर लिया गया। खनिज विभाग की टीम ने जब्त किए गए वाहनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद उपरवारा थाना और माना थाना की सुपुर्दगी में सौंप दिया ▸▸ शेष पेज 10 पर

- वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके चालक



**दो जिलों की सीमा का खेल, टीम को चकमा दे रहे रेत माफिया**

जानकारी के अनुसार जब गरियाबंद जिले के माइनिंग अधिकारी कार्रवाई के लिए नदी की ओर बढ़ते हैं, तब उत्खनन में लगी मशीनें और वाहन तुरंत धमतरी जिले की सीमा की ओर खिसका दिए जाते हैं। वहीं यदि धमतरी जिले की टीम छापेमारी के लिए पहुंचती है, तो वही मशीनें गरियाबंद जिले की ओर मोड़ दी जाती हैं। इस तरह माफिया दोनों जिलों की सीमा का फायदा उठाकर अधिकारियों को लगातार चकमा दे रहे हैं। यह स्थिति कहीं न कहीं दोनों जिलों के प्रशासन और माइनिंग विभाग के बीच समन्वय की कमी को भी उजागर करती है। यदि गरियाबंद और धमतरी जिले के कलेक्टर, पुलिस प्रशासन और माइनिंग विभाग संयुक्त रणनीति बनाकर एक साथ कार्रवाई करें, तो रेत माफियाओं पर बड़ी चोट की जा सकती है।

**पैरी नदी में अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई तेज**

छत्तीसगढ़ में अवैध रेत उत्खनन को लेकर सरकार की सख्ती अब जमीन पर दिखाई देने लगी है। राजधानी रायपुर के माइनिंग विभाग ने हाल के दिनों में लगातार कार्रवाई करते हुए कई रेत खदानों में छापेमारी की है। ओवरलोड रेत से भरी हाइवा वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है, वहीं नदी के भीतर प्रतिबंधित तरीके से उत्खनन में लगी चेन माउंटेन मशीनों को भी जब्त किया जा रहा है। इन कार्रवाइयों का असर अब साफ दिखाई देने लगा है और जिस तरह से नदियों का दोहन हो रहा था, उस पर काफी हद तक अंकुश लगने की उम्मीद जगी है।

# पेड़ काटने के दौरान डंगाल गिरने से ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पतोरी में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। पतोरी गांव से लगे एक खेत में बरगद के विशालकाय पेड़ की कटाई के दौरान एक भारी-भरकम डंगाल (डाल) के नीचे दबने से एक ग्रामीण मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फिंगेश्वर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर मर्ग कायम किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम परसट्टी निवासी संतोष साहू अपने साथी तिजु सेन के साथ पतोरी गांव स्थित एक खेत में लगे बरगद के पेड़ की कटाई करने गया था। बताया जा रहा है कि संबंधित खेत मालिक द्वारा पेड़ की छंटाई व कटाई के लिए इन दोनों को काम पर बुलाया गया था। मृतक संतोष साहू लंबे समय से पेड़ काटने का कार्य करता था और उसे इस काम का अच्छा अनुभव था।



**डंगाल कटते ही पिछले हिस्से की चपेट में आया मृतक-** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, खेत में पेड़ काटने के दौरान संतोष साहू ने बरगद की एक बड़ी और भारी डंगाल को काटा। जैसे ही डंगाल कटकर अलग हुई, वह बेहद तेज गति से नीचे की ओर गिरी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर डंगाल का भारी पिछला हिस्सा सीधे संतोष के ऊपर आ गिरा। वजन अधिक होने और संभलने का मौका न मिलने के कारण संतोष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पास ही काम कर रहा उसका साथी तिजु सेन इस हादसे में बाल-बाल बच गया।

**पुलिस जांच में जुटी, परिजनों में शोक की लहर-** हृदयविदारक हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फिंगेश्वर थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला पूरी तरह दुर्घटनावश हुआ प्रतीत हो रहा है, फिर भी सभी कानूनी और वैधानिक पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। इस अचानक हुए हादसे से मृतक संतोष के परिवार और परसट्टी गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

# ओडिशा से कार में गांजा तस्करी कर रहे 3 आरोपी व 2 अपचारी बालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

राजिम पुलिस को एक बड़ी सफलता मिलने की खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक एक कार में गांजा तस्करी के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एक सफेद रंग के स्विफ्ट डिजायर वाहन क्रमांक ओडी-26-एफ-3603 से भारी मात्रा में अवैध गांजा रखकर परिवहन करते हुए ग्राम कौंदकेरा की ओर से राजिम तरफ जा रहा कि सूचना मिला। मुखबीर के सूचना के आधार पर थाना से पुलिस टीम को घटना स्थल रवाना किया गया। घटना स्थल जोरा तालाब के पास मौके में पुलिस टीम पहुंच कर संदेही वाहन सफेद रंग के स्विफ्ट डिजायर को देख कर रोक कर पुछताछ कर चेकिंग किया गया। कार के चेकिंग के दौरान गांजा मादक पदार्थ होना पाया गया है। संदेही आरोपियों का नाम पता पुछने पर अपना नाम कमलेश यादव पिता शिवकुमार उम्र 31 वर्ष ग्राम छाती भाठापारा थाना कुरूद जिला धमतरी दीपक राव पिता स्व महेश राव उम्र 25 वर्ष साकिन सेम्हराडीह शीतलापारा कुरूद जिला धमतरी बेंजामिन सिंह पिता सामुऐल सिंह उम्र 37 वर्ष निवासी सर्किट हाउस के सामने माहुलभठ्ठा थाना नुआपाड़ा उड़ीसा एवं 2 विधि ▸▸ शेष पेज 10 पर



**13.775 किलो ग्राम अवैध गांजा जब्त**

### गैस सिलेंडर चोरी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** लहरौद के कर्मचारी कॉलोनी में गैस सिलेंडर चोरी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक गैस सिलेडर बरामद किया गया। पुलिस ने बताया प्रार्थी सियाराम साहू पिता पतिराम साहू (54 वर्ष) वार्ड नंबर 08 कर्मचारी कालोनी लहरौद थाना पिथौरा के घर से 28 मई की रात मकान के पोर्च के अंदर रखे 03 गैस सिलेंडर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी के मामले में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। विवेचना के दौरान पिथौरा पुलिस की टीम द्वारा घटना में जांच करते सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी उदयराम दीवान पिता स्व.आगेश्वर दीवान (45 साल) निवासी लहरौद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि विवेचना के दौरान पहले आरोपी बिसरू निषाद को तलब किया गया, जिसने पूछताछ में बताया कि मुख्य आरोपी उदयराम दीवान के द्वारा एक घरेलू गैस सिलेंडर को अपना बताकर कुल 1400 रुपये में वरुण दीवान को बेचा था। बिसरू को 300 कमीशन के तौर पर दिया था। आरोपी वरुण दीवान ने सिलेंडर को चोरी का होना जानने पर आरोपी उदयराम दीवान को वापस कर दिया था।

# न्यू सर्किट हाउस में भीषण आग स्टोर रूम और किचन खाक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

जिला मुख्यालय स्थित न्यू सर्किट हाउस में रविवार सुबह अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। सुबह करीब 6:30 बजे लगी आग ने देखते ही देखते स्टोर रूम और किचन को अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी की इस घटना से परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग स्टोर रूम से शुरू हुई और तेजी से किचन तक फैल गई। आग की चपेट में आने से फ्रिज, अलमारी, सीलिंग फैन सहित बड़ी मात्रा में रखा अन्य सामान जलकर राख हो गया। भीषण गर्मी के बीच हुई इस घटना ने आसपास के लोगों को भी चिंतित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस की संयुक्त टीम ने आग पर नियंत्रण पाया। वहीं, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारी भी तत्काल मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि ▸▸ शेष पेज 10 पर





# सुबह से चल रहे लू के थपेड़े, दोपहर होते ही सड़कों पर पसर रहा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

मई की तपती दोपहरी और आसमान से बरसती आग ने इस बार लोगों को पूरी तरह झुलसा दिया है। नौतप्पा अपने चरम पर है और सूर्यदेव मानो आग के गोले बनकर धरती पर अंगारे बरसा रहे हैं। सुबह होते ही गर्म हवाओं का थपेड़ा शुरू हो जाता है और दोपहर तक हालात ऐसे हो जाते हैं कि सड़कें सूनी पड़ जाती हैं। घरों से बाहर निकलना लोगों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। इस बार का नौतप्पा लोगों को सबसे अधिक घायल करने वाला साबित हो रहा है। तेज धूप, उमस और लू के थपेड़ों ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। खेतों में काम करने वाले किसान हों या शहरों में रोजी-रोटी कमाने वाले मजदूर, हर कोई इस भीषण गर्मी से त्रस्त नजर आ रहा है। दो जून को नौतप्पा समाप्त हो जाएगा। इसके बाद पंचक का दौर शुरू होगा, जो तीन जून से सात जून तक चलेगा। मान्यता है कि पंचक के इन दिनों में भी गर्मी अपना असर बनाए रखती है और मौसम पूरी तरह राहत नहीं देता। यही वजह है कि लोग अभी से कह रहे हैं कि असली राहत के लिए सात जून तक इंतजार करना पड़ेगा।



**2 जून को विदा होगा नौतपा**


**42 डिग्री की तपिश में बिना सेफ्टी बेल्ट पोल पर चढ़ने की मजबूरी**

# बिना हेलमेट और टूल बॉक्स के काम कर रहे लाइनमैन, मंडरा रहा हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

भीषण गर्मी और चिलमिलाती धुप में लोगों को राहत दिलाने 42 डिग्री तापमान में भी बिना रूके लगातार कम कर रहे विघुत कर्मचारियों का जज्बा वाकई प्रेरणा दायक और सराहनीय है अपनी जान जोखिम में डालकर और लगातार पसीना बहाकर यह कर्मचारी निर्बाध विघुत आपूर्ति सूनिश्चित करने कार्य करते दिख रहे है ताकि लाखो लोग इस भीषण गर्मी में अपने घरो में आराम से कुलर और पंखा में आराम कर सके। बिजली विभाग द्वारा मैनपुर देवभोग क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में लगाए गए बिजली के तार और कलपूर्जे कई जगह बेहद पुराना होने के कारण जर्जर और दयनीय स्थिति में जिसके कारण हवा, आंधी तुफान के साथ गर्मी में लगातार बिजली उपकरण फाल्ट हो रहे है जगह–जगह बिजली के तार टूट रहे है लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी इस 42 डिग्री तापमान में जान जोखिम में डालकर दिन रात किसी भी समय सुधार कार्य करते नजर आ रहे है।





**संसाधन के अभाव में बिना सेप्टी खम्भों पर चढ़ रहे विद्युतकर्मी-** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर एवं क्षेत्र में विद्युत कर्मी बिना ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### युवा कांग्रेस चुनाव, जिला-ब्लॉक कमेटियों के लिए नामांकन शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के लिए 29 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 13 जून तक चलेगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद ब्लॉक से लेकर प्रदेश स्तर तक पदों के दावेदार सक्रिय हो गए हैं। घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक, जिला कमेटियों और विधानसभा अध्यक्ष के लिए नामांकन 13 जून तक भरे जाएंगे, जबकि प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी के पदों के लिए नामांकन 11 से 13 जून के बीच दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 15 से 18 जून तक होगी।बताया गया है कि प्रदेश महासचिव के लिए चुनाव लड़ने वाले दावेदारों का साक्षात्कार 4 जून को राजीव भवन में होगा।उसके आधार पर वे नामांकन भरेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों का साक्षात्कार दिल्ली में होगा। उसके अधार पर अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल किए जाएंगे। चुनाव संचालन के लिए पूरे छत्तीसगढ़ को पांच जोन में बांटा गया है।

### हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे, बैज ने दी बधाई

**रायपुर।** कांग्रेस ने हिन्दी पत्रकारिता के शानदार 200 वर्ष पूरे होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 30 मई 1826 को पं. जुगल किशोर शुक्ल ने देश के पहले हिन्दी समाचार पत्र ''उदन्त मार्तन्ड'' का प्रकाशन किया था। यह भारत की पत्रकारिता के लिए स्तंभ साबित हुआ। हिन्दी पत्रकारिता अपनी निष्पक्षता के लिए जानी जाती है। पक्ष एवं विपक्ष का बराबर संतुलन एवं खबरों की निष्पक्षता ही पत्रकारिता की विश्वसनीयता को बढ़ाता है।

### जनगणना का पहला चरण पूरा, अंतिम दिन प्रगणकों ने बंद मकानों का लिया अपडेट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चल रही जनगणना के पहले चरण में पहली बार घर-घर की सुविधाओं और संसाधनों का विस्तृत डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया गया है। 1 मई से शुरू हुई जनगणना के पहले चरण का 95 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो गया है और 30 मई को यह चरण समाप्त हो जाएगा। प्रदेश में जनगणना के लिए 48,742 ब्लॉक बनाए गए थे। इसी आधार पर प्रदेश में 85 लाख से अधिक मकानों का आंकड़ा सामने आया है। जनगणना का दूसरा चरण अगले साल 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा। पहले चरण में कई मकानों में ताला बंद होने के कारण उनकी गणना नहीं हो पाई।

**कार्यक्रम :** भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन ने सामूहिक रूप से सुना पीएम मोदी का संबोधन

# मन की बात केवल संवाद नहीं, राष्ट्र निर्माण का जन आंदोलन : स्निग्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का देशभर में करोड़ों लोग इंतजार करते हैं। महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला यह कार्यक्रम केवल एक संवाद नहीं, बल्कि देशवासियों को प्रेरणा देने वाला राष्ट्रीय अभियान बन चुका है। 31 मई रविवार को प्रसारित मन की बात के इस विशेष संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने समाज, संस्कृति, पर्यावरण, युवाओं और आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने देशवासियों से सकारात्मक सोच, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस बार की मन की बात ने प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर से राष्ट्रभक्ति और जनजागरण की अलख जगाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर महीने के अंतिम रविवार को देशवासियों से मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से संवाद करते हैं। महिला मोर्चा जिला भाजपा कोषाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा ने कहा कि जिला यह कार्यक्रम आज केवल रेडियो कार्यक्रम नहीं रह गया है, बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, प्रेरणाओं और संकल्पों का माध्यम बन चुका है। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नागेंद्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता पर भी विशेष बल दिया। कहा कि स्वच्छ भारत अभियान केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जन आंदोलन बन चुका है। आज गांव-गांव और शहर-शहर में लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे हैं, जो देश के लिए शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब 140 करोड़ देशवासी एक साथ संकल्प लेते हैं तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुनने की व्यवस्था की गई थी। कार्यकताअरं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जनहित और राष्ट्रहित से जुड़ा बताते हुए कहा कि मन की बात समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। प्रधानमंत्री के संबोधन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वे देशवासियों के मन की बात को समझते हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करते रहते हैं। उनका यह कार्यक्रम आमजन को जागरूक करने, सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने और देशभक्ति की भावना जगाने का सशक्त माध्यम बन चुका है।

- 134वें एपिसोड में पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत और जनभागीदारी पर रहा जोर





**कोपरा मंडल के दर्जनों बूथों पर गूंजी मन की बात, कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह**

कोपरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण का प्रसारण रविवार को क्षेत्र के विभिन्न बूथों एवं शक्ति केंद्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से सुना गया। क्षेत्र के ग्राम भेंडरी, रवेली, लोहरसी, सहसपुर, जेंजरा, देवरी, तरीघाट, धुरसा, मुरमुरा कौदकेरा, सुरसाबांधा, कोपरा, तर्रा, कुरुषकेरा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा देश के विकास, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत, युवा शक्ति तथा जनभागीदारी से जुड़े विषयों पर रखे गए विचारों को गंभीरता एवं ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के पश्चात भाजपा मंडल अध्यक्ष कोपरा गोपी ध्रुव, सोमप्रकाश साहू संरक्षक जिला साहू संघ, बाबूलाल साहू अध्यक्ष कौदकेरा सोसायटी, लोमस साहू सरपंच लोहरसी, धनजय साहू बूथ अध्यक्ष भेंडरी, दीपक ध्रुव सरपंच मुरमुरा, हिरामणी साहू जनपद सदस्य जेंजरा, तुलेश्वरी साहू सरपंच भेंडरी, लता ध्रुव सरपंच सहसपुर, गुंजन वर्मा सरपंच तरीघाट, सेवती साहू महिला मोर्चा महामंत्री मंडल कोपरा, धनेश्वरी साहू उपाध्यक्ष महिला मोर्चा महामंत्री, ममता साहू सरपंच तर्रा, ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को प्रेरित करने वाला जनसंवाद का सशक्त माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों की कहानियां सामने आती हैं, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचता है। इन्होने आगे कहा कि प्रत्येक बूथ में कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया तथा प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए विषयों पर चर्चा भी की गई। प्रधानमंत्री के विचार समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का कार्य भाजपा कार्यकर्ता लगातार कर रहे हैं।

**लोहरसी बूथ क्रमांक 234 व 235 में हुआ सामूहिक श्रवण-** भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र लोहरसी बूथ क्रमांक 234 एवं 235 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों एवं देशहित में दिए गए संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, मण्डी अध्यक्ष धनीराम साहू, किसान मोर्चा कार्यालय प्रभारी चंद्रशेखर साहू, दीपक साहू, सोहनलाल साहू, बूथ अध्यक्ष पुरन साहू, दिलीप शर्मा, अंशु साहू, डिम्पल साहू, गोपु साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पीएम मोदी की संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प-** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण महिला मोर्चा के जिला भाजपा कोषाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा निवास में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के विचारों, प्रेरणादायी संदेशों तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नागेंद्र साहू, मंडल मंत्री गायत्री पटेल, सोहन साहू, केशव साहू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, सोशल मीडिया संयोजक मंडल कन्हैया चक्रधारी, सोशल मीडिया सदस्य दयानिधि चक्रधारी, त्रिभुवन साहू, नवीन शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा समाज, संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत एवं जनभागीदारी जैसे विषयों पर दिए गए संदेशों की सराहना करते हुए उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## जिपं उपाध्यक्ष के प्रयासों से आदिवासी क्षेत्र को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



आदिवासी विकासखंड गरियाबंद के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर के सतत प्रयासों से विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों में नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। लंबे समय से स्वास्थ्य संसाधनों की कमी से जूझ रहे ग्रामीणों को अब उपचार, जांच एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने क्षेत्र की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को शासन एवं संबंधित विभागों के समक्ष प्रमुखता से उठाते हुए वनांचल क्षेत्रों में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की मांग की थी। स्वीकृति के तहत बारुला, कौंदकेरा, खरहरी, बरबहारा, हरदी, मोहंदा, दर्रीपारा, जोबा, सढ़ौली एवं सिकासेर पंचायतों में उपस्वास्थ्य केंद्र भवनों का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक भवन के लिए 28.51 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र के लोगों को बेहतर उपचार मिलेगा तथा गंभीर मरीजों को दूरस्थ शहरों का रुख करने की मजबूरी कम होगी। इससे आदिवासी अंचल के लोगों के स्वास्थ्य स्तर एवं जीवन गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार आने की उम्मीद है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक रोहित साहू एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## यादव समाज की बैठक, हर राज से लिया जाएगा अंशदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ठेठवार यादव समाज जिला गरियाबंद की आवश्यक बैठक 30 मई दिन शनिवार को प्रांतीय मुख्यालय ठेठवार यादव समाज भवन राजिम में जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक का शुभारंभ अपने इष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण जी की छाया चित्र में माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया गया। बैठक में उपस्थित ठेठवार समाज राजिम राज,फिगेश्वर राज,छुरा राज,रावड पारा के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संरक्षक कार्यकारिणी सदस्य और जिला के सभी पदाधिकारी का पीला चावल व गुलाल लगाकर स्वागत किए। पुरुषोत्तम यादव ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीति एवं प्रदेश स्तरीय सामाजिक नियमावली, संगठन की मजबूती पर विचार व्यक्त करते हुए जिला के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के साथ आगामी प्रांतीय गतिविधियों के विषय में रणनीति तैयार की गई। जिला कोष बढ़ाने के लिए नए स्रोत बनायेंगे, और हर राज से जिला के लिए अंशदान लिया जाएगा। साथ ही छुरा एवं फिगेश्वर राज के नवनिर्वाचित राज के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस दौरान जोहत राम यादव, परसराम यादव, धनीराम यादव ,छुरा राज के अध्यक्ष चमन यादव, कोषाध्यक्ष परमेश्वर यादव, सचिव योगेश यादव,फिगेश्वर राज के अध्यक्ष पीलू राम यादव, सचिव भुनेश्वर यादव, वहीं जिला महासचिव कृष्ण कुमार यादव, उपाध्यक्ष जीवन यदु, कोषाध्यक्ष भरतलाल यादव,नरेश यादव, अशोक यादव, रामकुमार सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता ठाकुर राम यादव ने की।

पेज 9 के शेष...

### तेज आंधी से कई...

कृष्णचंद के मकानों के छप्पर (कवेलू और शेड) उड़ा दिए। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि कवेलू ताश के पत्तों की तरह उड़ने लगे। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए पीड़ित परिवारों ने तुरंत अपने घरों से निकलकर पड़ोस के पक्के मकानों में शरण ली। इस अफरा-तफरी के दौरान एक ग्रामीण के सिर पर कवेलू गिरने से वह चोटिल भी हो गया।

**जनप्रतिनिधि पहुंचे ग्राउंड पर, प्रशासनिक अमला सक्रिय-** घटना की जानकारी मिलते ही जनपद सदस्य असलम मेमन ने तत्काल प्रभावित ग्रामों का दौरा किया। उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया और मौके से ही इस पूरी तबाही और जनहानि की सूचना देवभोग तहसीलदार अजय चंद्रवंशी को दी।

**पटवारियों को निर्देश, मिलेगा मुआवजा: तहसीलदार-** मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार अजय चंद्रवंशी ने कहा कि राजस्व अमले (पटवारियों) को तुरंत प्रभावित गांवों में भेजने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पटवारी मौके पर जाकर मकानों और अन्य संपत्तियों को हुए नुकसान का विस्तृत आकलन तैयार करेंगे, जिसके आधार पर प्रभावित परिवारों को शासन के नियमानुसार उचित मुआवजा व राहत राशि प्रदान करने के लिए आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### रातभर चली ...

है। अब प्रकरण में खनिज नियमों के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ रातभर चली इस कार्रवाई से खनिज माफियाओं में खलबली मच गई। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस विशेष अभियान में सुपरवाइजर सुनील दत्त शर्मा, लुकेश वर्मा, अज्जू मानिकपुरी और दयाराम साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### ओडिशा से कार में...

से संघर्षरत बालक सहित 5 आरोपियों के कब्जे से 13.775 किलो ग्राम अवैध गांजा कीमती 6.77,250 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट डिजायर वाहन क्रमांक ओडी-26-एफ-3603 कीमती 7 लाख रूपये 5 नग मोबाइल 35 हजार कुल जुमला 14 लाख 12 हजार 250 रूपये को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। प्रकरण में आरोपियो के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर से अपराध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में 2 विधि से संघर्षरत बालक सहित आरोपी कमलेश यादव पिता शिव कुमार उम्र 31 वर्ष ग्राम छाती भाठापारा थाना कुरूद जिला धमतरी दीपक राव पिता स्व महेश राव उम्र 25 वर्ष साकिन सेम्हराडीह शीतलापारा कुरूद जिला धमतरी बेंजामिन सिंह पिता सामुऐल सिंह उम्र 37 वर्ष निवासी सर्किट हाउस के सामने माहुलभठ्ठा थाना नुआपाड़ा उड़ीसा को समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### न्यू सर्किट हाउस...

वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। न्यू सर्किट हाउस के सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं, लेकिन आगजनी की इस घटना से भवन और उसमें रखे सामान को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों के साथ-साथ नुकसान का विस्तृत आंकलन किया जा रहा है।

### बिना हेलमेट और...

सेफ्टी बेल्ट के पोल पर चढने को मजबूर है जिससे कभी भी बडी दुघर्टना हो सकती है। इतना ही नहीं विद्युत कर्मियों को कई वर्षो से वर्दी, हेल्मेट एवं टूल बाक्स नहीं मिला है, इस क्षेत्र में विभाग व कंपनी के द्वारा लगभग दो दर्जन विद्युल लाईनमेंन एवं सहायक लाईमेन तथा अन्य कर्मचारी पदस्थ है लेकिन आज तक इन्हे पार्यप्त सुरक्षा संसाधन सेफ्टी बेल्ट सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराया गया है इसके बावजूद उन्हे बिना सेफ्टी बेल्ट के पोल पर चढना पडता है जान जोखिम में डालकर कार्य करते दिखाई देते, जिससे हमेंशा गंभीर दुघर्टना का डर बना रहता है इसके बाद भी विद्युत विभाग के आला अधिकारियों का इस ओर ध्यान न देना समझ से परे है रात में बिजली बंद हो जाने से बारिश व ठंड के दिनों में रात में ही बिजली के फाल्ट ढुढंने जंगल में उन्हे कई किलोमीटर पैदल जाना पडता है।

**बोलने पर विभागीय गाज गिरने का डर -** विद्युत कंपनी ने पदस्थ कुछ कर्मियो नें बताया की सेफ्टी बेल्ट, वर्दी, टुल बाक्स, हेल्मेंट के अभाव में लाईन का काम करना पड रहा है। सामग्री के नहीं होने पर कार्य के दौरान हो रही परेशानी के विषय किससे कहे कुछ बोलने पर विभागीय गाज गिरने का डर लगा है इसलिए अपने -अपने से आला अधिकारियों को परेशानियों की जानकारी भी नहीं दे पाते। दुसरी तरफ बिजली विभाग के निजीकरण होने के कारण ठेकेदार के द्वारा भी अपने वेतन के अनुसार ही लडको की भतऍ किया गया है।

**सुरक्षा सुविधाएं दी जाती है-** गरियाबंद बिजली विभाग कार्यपालन अभियंता हेमन्त ठाकुर चर्चा में बताया कि विद्युत विभाग के कर्मियों को सभी सुविधाएं समय -समय पर उपलब्ध कराई जाती है, और अभी उन्हे वितरण भी किया था लेकिन उनके द्वारा इसका उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है समझ से परे है। श्री ठाकुर ने बताया मैनपुर देवभोग क्षेत्र में कुल कितने कर्मचारी कल सुबह ही बता पाऊगा।

## पिथौरा में सामूहिक रूप से सुना गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134 वें एपिसोड का प्रसारण रविवार को हुआ जिसे नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक रूप से सुना गया। वरिष्ठ भाजपा नेत्री उषा पटेल के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि मन की बात समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पहचान दिलाने का प्रभावी मंच बन चुका है। प्रधानमंत्री द्वारा खिलाड़ियों, नवाचारों और सकारात्मक प्रयासों को प्रोत्साहन दिए जाने से युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर अग्रवाल (सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला प्रभारी), मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, प्रीतराम सूर्या, वेद प्रकाश गोयल, नरेश सिंघल, शशि डड़सेना, उषा पटेल, जतीन ठक्कर, दुर्गेश सिन्हा, रैदास गोयल, रमेश पटेल, राजकुंवर सिन्हा, वर्षा सोनी, अंजलि पांडे, कुलदीप अग्रवाल, जीवन तांडी तथा संतोष डड़सेना सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लड़ेर में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में निषाद परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन 1 से 7 जून तक किया गया है। कथावाचक महामंडलेश्वर महंत गोवर्धन शरण व्यास सिरकट्टी आश्रम कुटेना पांडुका होंगे। जून को सुबह 11 बजे कलश यात्रा, दोपहर 2 बजे गौकर्ण कथा, वराह अवतार, 2 जून को ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, नरसिंह अवतार, 3 जून को श्रीराम अवतार, श्रीकृष्ण अवतार कथा, 4 जून को नंद उत्सव, बाल लीला , माखन चोरी कथा, 5 जून को गिरिराज कथा, रासलीला, 6 जून को रूक्मणि मंगल कथा, 7 जून को गीता हवन, पूर्णाहुति, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा होगी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130













संकलनकर्ता : गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख जिला गरियाबंद मो.: 9993223300,उरेन्द्र साहू संवाददाता कोपरा

**खबर संक्षेप**

### भूपेश कुमार यादव 89.20 % अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** शासकीय प्राथमिक शाला पिपरछेड़ी (छुरा) में कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा, इस वर्ष भूपेश कुमार यादव ने 89.20% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वे पिपरछेड़ी निवासी पवन यादव के सुपुत्र हैं। विद्यालय के प्रधान पाठक उमाशंकर साहू, सर्वेश शर्मा एवं परिजनों ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

### धनिया की खेती से किसान रतिराम की बढ़ी आय



**महासमुंद।** जिले के विकासखंड महासमुंद अंतर्गत ग्राम अछरीडीह के कृषक रतिराम पटेल ने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर उद्यानिकी फसलों को अपनाते हुए अपनी आय में अच्छी वृद्धि की है। कृषक पटेल बताते हैं कि पहले वे मुख्य रूप से धान की खेती करते थे, जिसमें अधिक लागत के बावजूद सीमित आय प्राप्त होती थी। बेहतर आमदनी और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्होंने उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया और साग-सब्जी एवं मसाला फसलों की खेती की ओर कदम बढ़ाया। रतिराम पटेल बताते हैं कि पूर्व में धान की खेती से उन्हें कुल लाभ सीमित ही मिलता था। वहीं धनिया की खेती अपनाने के बाद उन्हें लगभग 35 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त हुआ। कम लागत और बेहतर उत्पादन के कारण उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई तथा कुल लाभ लगभग 50,000 रुपए तक पहुंच गया।

### भखारा शराब दुकान में चाकू की नोक पर लूट करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**कुरूद।** भखारा थाना क्षेत्र स्थित शराब दुकान परिसर में युवक से चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे आरोपी समीर निर्मलकर को भखारा पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 मई को प्रार्थी अपने बड़े भाई के कहने पर शराब और डीजल खरीदने के लिए तीन हजार रुपये लेकर भखारा आया था। रात करीब आठ बजे वह भखारा शराब दुकान परिसर पहुंचा, जहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उससे रुपये की मांग की। प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी अंशुमन साहू ने उसके गले पर धारदार चाकू अड़ा दिया। वहीं लोकेश पटेल और एक विधि से संघर्षरत बालक ने उसे पकड़ लिया। इसी दौरान समीर निर्मलकर ने मारपीट कर प्रार्थी के पास रखे तीन हजार रुपये और रेडमी मोबाइल फोन लूट लिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

## सौगात : छुरा और मैनपुर विकासखंड के 26 गांवों में बनेंगे नए भवन

# जिले को सौगात : 26 उपस्वास्थ्य केंद्रों के कायाकल्प के लिए 7.41 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

प्रदेश के विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश के वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में गरियाबंद जिले के ग्रामीण इलाकों अर्थात ग्राम पंचायतों में स्थित 26 उपस्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प किया जाएगा। जिले के छुरा और मैनपुर विकासखंड में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती देने के लिए ग्राम पंचायतों के 26 नए उपस्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्माण के लिए 7 करोड़ 41 लाख 26 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक रोहित साहू ने कहा कि इन नए भवनों के निर्माण से ग्रामीण अंचल के लोगों को उनके घर के पास ही बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी तथा आमजनों को अब स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस बजटीय स्वीकृति के तहत गरियाबंद जिले के छुरा और मैनपुर विकासखंडों को समान रूप से बजट आवंटित किया गया है जिसमें छुरा विकासखंड के कुल 13 उपस्वास्थ्य केंद्रों क्रमशः पिपरछेड़ी, गायडबरी, मुड़ागांव, सिवनी, मुढ़ीपानी, सेम्हरा, कुटेना, तौरेंगा, घटकर्रा, अमलोर, द्वारतरा, बोड़राबांधा और कनेसर ग्राम पंचायत के लिए 3 करोड़ 70 लाख 63 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके तहत प्रत्येक उपस्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण पर 28.51 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार आदिवासी बाहुल्य विकासखंड मैनपुर के भी 13 स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 3 करोड़ 70 लाख 63 हजार रुपए की मंजूरी मिली है। यहाँ भी प्रत्येक केंद्र को 28.51 लाख रुपए का बजट मिलेगा। मैनपुर ब्लॉक के बिरीघाट, डेंडुपदर, ढोर्रा, गोलामाल, गुरुजीभाटा (अ), कांडेकेला, मैनपुर खुर्द, छिंदौला, भाठीगढ़, पदमपुर, घूमरापदर, खरीपथरा और सुकलीभाठा ग्राम पंचायत में नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इस प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के बाद गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए साय सरकार और विधायक रोहित साहू के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की है। अब भवनों का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने की भी उम्मीद है।

■ प्रत्येक केंद्र पर खर्च होंगे ₹28.51 लाख






**अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना हमारा लक्ष्य : रोहित साहू**



लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों के सुव्यवस्थित भवनों की मांग की जा रही थी। इस स्वीकृति से वनांचल और दूरदराज के गांवों में रहने वाले गरीब और आदिवासी परिवारों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्रत्येक केंद्र को मिलने वाले 28.51 लाख रुपए से स्वास्थ्य सुविधाओं का स्तर सुधरेगा और डॉक्टरों व स्टाफ के लिए बेहतर माहौल तैयार होगा। मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का गरियाबंद जिले की जनता की ओर से आभार व्यक्त करता हूं। हमारी सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ काम कर रही है, जहां समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना प्राथमिकता है। मैं इस संवेदनशीलता के लिए छग प्रदेश की सुशासन वाली सरकार का आभारी हूँ।

## कांग्रेस सेवादल का झंडा वंदन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश कांग्रेस सेवादल के निर्देशानुसार प्रतिमाह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले झंडा वंदन कार्यक्रम के तहत आज सुभाष चौक, सदर रोड नवापारा में कांग्रेस सेवादल द्वारा ध्वज वंदन कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठजनों, युवा साथियों, महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उपस्थित होकर राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया तथा देश की एकता, अखंडता, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष चतुरसिंग जगत ने कहा कि कांग्रेस सेवादल का झंडा वंदन कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि देशभक्ति, अनुशासन, सेवा और संगठन की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक कांग्रेस सेवादल ने राष्ट्रसेवा, सामाजिक सदभाव और लोकतांत्रिक विचारों को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष रामा यादव ,महामंत्री जिला कांग्रेस सेवादल सुरेन्द्र साहू ,रामकुमार शर्मा उपाध्यक्ष, घनश्याम साहू महामंत्री ,पार्षद रामरतन निषाद, अजय साहू, फागुराम देवांगन, प्रदीप साहू, सुनील शर्मा,कोषाध्यक्ष, बल्लू देवांगन, अमर चक्रधारी, रूपराम साहू, नंदु साहू, संतोष सोनकर ,संतोष साहू, आकाश सोना, दूरपति सोना, शीतल जगत, रुखमणी जगत,नीला जगत,आराधना जगत, बाल सेवादल जयबीर , जिज्ञान,कुसुम, मनोहर, सौरभ कहार, काव्यांश साहू ने महापुरुषों के आदर्शों पर चलने, समाज में भाईचारा बनाए रखने तथा जनता के हितों के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

## फिंगेश्वर कॉलेज के विद्यार्थियों ने पोस्टर व स्लोगन से जगाई अलख

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर




31 मई रविवार को फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेश्वर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इंडियन यूथ रेडक्रॉस प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "तंबाकू मुक्त भारत" विषय पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों, सामाजिक दुष्प्रभावों एवं आर्थिक हानि पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। नारे एवं वीडियो के माध्यम से तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों ने जनजागरूकता का सशक्त संदेश दिया तथा समाज को तंबाकू मुक्त बनाने का आह्वान किया। साथ ही स्थानीय ग्रामीण एवं आदिवासी समाजों को भी इस जागरूकता अभियान से जोड़ते हुए तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।इस मुहिम में स्वयंसेवक विनिशा साहू, डुमेश्वर साहू, सोहद्रा सिन्हा, आर्यन निर्मलकर, ओमप्रकाश निषाद, मोनिका साहू, कल्याण साहू, नेहा निर्मलकर, वीणा सिन्हा, भारती साहू, मोनिका साहू, कृति सिन्हा, नेमन साहू, भूमिका साहू इत्यादि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर ऑनलाइन मंच के माध्यम से भी प्रतिभागियों द्वारा तंबाकू मुक्त जीवन जीने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने अपने उद्बोधन में बताया कि तंबाकू सेवन कैंसर,हृदय रोग एवं श्वसन संबंधी अनेक गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है।उन्होंने विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा सभी उपस्थित जनों ने"तंबाकू मुक्त भारत" के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

■ युवाओं ने लिया नशामुक्त जीवन का संकल्प

### बरसात पूर्व नगर के सभी नालियों की सफाई करने की मांग



**सरायपाली।** गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 15 महल पारा मेन रोड एवं पीछे गली के नालियों के साथ-साथ नगर के संपूर्ण वार्डों की नालियों में कचरा, घास फूस, झिल्ली, पन्नी, मलबा एवं मिट्टी के पट जाने के कारण कई नालियां जाम है। जिससे घरों के गंदे पानी एवं बरसाती पानी निकासी में बाधा होगी। गंदा पानी एवं बरसाती पानी वार्डवासियों के घरों में घुसने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नालियों के सही ढंग से सफाई नहीं होने से बदबू एवं गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। उक्त विषय पर आगामी बरसात को ध्यान में रखते हुए बरसती पानी के निकासी व्यवस्था करने की मांग नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ एवं प्रदेश प्रमुख महासचिव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश यादव से मांग की है। उक्त मांग पर तत्काल संबंधित कर्मचारियों को सफाई कार्य चालू करने का निर्देश देकर वार्ड क्रमांक 15 से सफाई कार्य चालू कराया गया।

## देवभोग क्षेत्र के विकास के लिए समाधान मंच साबित होगा मील का पत्थर



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

देवभोग नगर में आज रविवार को समाधान मंच देवभोग की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं समाज के साथियों ने भाग लिया।बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा एवं निर्णय लिए गए जिसमें संगठन का विस्तार एवं सदस्यता अभियान चलाने के साथ साथ गांव–गांव में इकाई गठन करने, जनहित एवं क्षेत्रीय समस्याओं को प्राथमिकत, बिजलीपानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सिंचाई जैसे मुद्दों पर कार्य, धर्म,जाति, लिंग एवं राजनीतिक विवादों से समूह को दूर रखना, संवैधानिक दायरे में रहकर जनहित के मुद्दों को उठाना, क्षेत्र की समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु सामूहिक प्रयास, राजनीतिक पोस्ट एवं दलगत प्रचार–प्रसार नहीं करना, केवल क्षेत्र की समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा करना जैसे मुद्दे को लेकर विचार विमर्श किया गया और आगामी बैठक 21 जून को आयोजित किया गया है। आशा है कि समाधान मंच देवभोग क्षेत्र के विकास, जनजागरूकता एवं जनहित के लिए एक मजबूत एवं प्रभावी मंच के रूप में कार्य करेगा। इस बैठक में प्रमुख रूप से युवा नेता कन्हैया मांझी, भोले मांझी, विकाश उपाध्यक्ष, हरीश तायल, डब्लू कश्यप, सुरज नागेश, मिलन नागेश, हुकूमत यादव, लतीफ खान, किशोर चक्रधारी, रणवीर सोनी, सुशील साहू, आदित्य शर्मा, पीतम यादव, तुला यादव, निलेश यादव, फिरोज खान, तुलसी निधि, लम्बुधर साहू, लेबानो सोना, पंकज बीसी, नागेश्वर मोरे, महेश्वर सिंहा, जितेंद्र ठाकुर, भजन ठाकुर, दुर्गेश मरकाम, गोवर्धन प्रधान, श्रवण निषाद, मुरलीधर नेताम एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के युवा शामिल हुए।

■ बैठक विभिन्न मुद्दो पर चर्चा किया गया बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्र के लोग

## ओवरटेक और मोड़ों पर लापरवाही बन रही हादसे की वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवापारा-आरंग मार्ग पर कोलियारी गांव के पास कल हुई पिकअप और ट्रक की भीषण दुर्घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही कितनी बड़ी तबाही का कारण बन सकती है। इस हादसे में दोनों पक्षों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना तेज रफ्तार, गलत तरीके से ओवरटेक करने और सड़क की परिस्थितियों को नजर अंदाज करने के कारण हुई। नवापारा-आरंग क्षेत्र ऐसा इलाका है जहाँ सड़क के कई हिस्सों में तीखे मोड़ हैं। इसके साथ ही जगह-जगह बस्ती, मोहल्ले और रोड क्रॉसिंग पड़ते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और मवेशी अक्सर सड़क पार करते दिखाई देते हैं। इसके बावजूद कुछ लापरवाह चालक मानो सड़क को रेसिंग ट्रैक समझकर वाहन दौड़ाते हैं। तेज गति और जल्दबाजी में ओवरटेक करने की प्रवृत्ति लगातार दुर्घटनाओं को जन्म दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार वाहन चालक मोड़ पर भी ओवरटेक करने से नहीं चूकते। सामने से कौन-सा वाहन आ रहा है, इसकी परवाह किए बिना जान जोखिम में डाल दी जाती है। सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी अब आम बात बन चुकी है। यही वजह है कि आए दिन छोटे-बड़े हादसे सामने आते रहते हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कई नौसिखिए चालक बिना पर्याप्त अनुभव के भारी वाहन चला रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं और नियमित पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। साथ ही नशे में वाहन चलाने वालों और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई हो ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। कोलियारी के पास हुई यह दुर्घटना केवल एक हादसा नहीं बल्कि समाज के लिए चेतावनी है। सड़क पर लापरवाही कभी भी मौत का कारण बन सकती है। जरूरत इस बात की है कि लोग समय रहते संभलें और सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी आदत बनाएं, तभी सड़क हादसों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी।


पिकअप से हुई टक्कर, धान लोडेड ट्रक पलटने से बचा, चालक केबिन में फंसा

# 11 ग्राम पंचायतों को जनक ध्रुव ने दी पेयजल टैंकरों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव के जन्मदिन के अवसर पर रविवार को उनके समर्थको द्वारा क्षेत्र के गांव गांव में कार्यक्रम आयोजित कर केक काटकर जन्मदिन धुमधाम के साथ मनाया गया, जगह-जगह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जहां दूर-दूर से आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरण किया गया और मरीजों को फल वितरण किया गया। विधायक जनक ध्रुव ने बिन्द्रनवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 11 ग्राम पंचायतों को आज अपने जन्मदिन के अवसर पर पेयजल टेंकर का सौगात दिया। देवभोग, अमलीपदर, मैनपुर में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान पेयजल टेंकर का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। हमर मैनपुर चौक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया विधायक जनक ध्रुव के पहुंचते ही शाम 6:30 बजे जमकर आतिशबाजी की गई और केक काटकर जन्मदिन मनाया गया इस दौरान साड़ी, फल, मिठाई वितरण किया गया पूरे नगर के लोग विधायक जनक ध्रुव को जन्मदिन की शुभकामनाए देने उमड़ पड़े इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने सभी का अभार व्यक्त करते हुए कहा बिन्द्रनवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी जनता के सहयोग और समर्थन से समृद्ध बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा का संकल्प पूरा होगा। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, किसान कांग्रेस अध्यक्ष पारे"वर नेगी,जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच हनिता नायक, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शाहीद मेमन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, तनवीर ठाकुर, डोमार साहू, गजेन्द्र यादव, राजिम से पहुचें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डीके ठाकुर,जाकीर रजा, इमतियाज मेमन, शरीफ रजा, देवेन्द्र साहू, भागचंद चतुर्वेदी, बिसाहू सिन्हा, खेदुनेगी, दाउद खान, लिलेश चक्रधारी, निहाल नेताम, नुतन यादव, अमृत पटेल, केशु सिन्हा, पंकज मांझी, ललिता यादव, भुपेन्द्र मांझी, पिले"वर सोरी, आत्माराम मरकाम, यशवंत मरकाम, हबीब मेमन, खेलन दिवान, खेलन साहू, निरा कपिल, कुमारी बाई यादव, घन"याम यादव, राधाबाई, नंद किशोर, लिकेश यादव सुकचंद ध्रुव हेमलाल बारले, नरेश सिन्हा, एवं सैकड़ो की संख्या में नगर व क्षेत्र के

**सुबह से देर शाम तक पैरी सदन में लगा रहा तांता**




वहीं दूसरी ओर आज सुबह से विधायक जनक ध्रुव को बधाई देने पैरी सदन नहानबिरी निवासा में मेला जैसे भीड़ लगा रहा पूरे बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र मैनपुर, देवभोग, अमलीपदर, उरमाल, झाकरपारा, इंदागांव, धवलपुर, नवागढ़, जोबा, दर्रीपारा,आमामौरा, ओढ़ कुल्हाड़ीघाट, छुरा, रसेला, गरियाबंद, पिपरछेड़ी सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं अन्य राजनीतिक दलो के कार्यकर्ता पदाधिकारी देर शाम समाचार लिखे जाने तक पहुंच रहे है और विधायक जनक ध्रुव को जन्मदिन की बधाई दे रहे है। आज देर शाम पैरी सदन में सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा विधायक के जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया विधायक जनक ध्रुव ने केक काटकर सभी के प्रति अभार व्यक्त किया।



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 10,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
संपर्क
9993223300, 8370049468